पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु सामग्री वितरित की

ग्राम प्रधान समस्त योजनाओं को अपनी ग्राम सभा के सभी लोगों को उसका लाभ दिलाएं

ग्राम सभा की समस्त गर्भवती महिलाओं का प्रसव अस्पताल में ही हो

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 26 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आज राजभवन गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ जनपद के 60 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे राज्यपाल जी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों को पठन–पाठन तथा खेल–कूद सामग्री वितरित की गयी। वितरित की गयी किट में ट्राई साइकिल 2, झूले वाले घोड़े 3, नम्बर्स 5, ए.बी.सी.डी. 5, फल 5, एनिमल्स 5, ब्लाक्स 5, पजेल्स 5, बाल 5, क्ले (गोलियां बनाने के लिए) 5, रिंग्स 5, रस्सी 5, प्ले बुक 10, स्टोरी बुक्स (पंचतंत्र) 5, एजुकेशनल मैप 5, वाइट बोर्ड (स्टैंडर्ड)/मार्कर, डस्टर 2, स्टील के स्टोरेज 5के0जी0 2, वजन मशीन (0–6 वर्ष) 1, फस्ट एड बाक्स 1, बर्तन (थाली, कटोरे, ग्लास, चम्मच) 24 सेट, हाइट गेज 1, हैण्ड वॉस 5, टेबल (किडनी शैप्ड) 4, चेयरर्स 24 आदि शामिल था।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को पढ़ने, बैठने, लिखने एवं खेलने की सामग्री मिलने से आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे उत्साहपूर्वक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयेंगे। राज्यपाल जी ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में

जिन महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया है वे सब बधाई के पात्र है। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन से अपील की कि उनके द्वारा जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ एवं सुविधा सम्पन्न बनाया जा रहा है, उनकी समय–समय पर मॉनटरिंग करते रहे क्योंकि हमारे भारत का भविष्य आंगनबाड़ी में पलता है। इसलिये अपने सामाजिक दायित्व को निभायें। अगर आप चाहेंगे तो परिवर्तन निश्चित रूप से हो सकता है बस हमें संकल्प लेना होगा।

राज्यपाल जी ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भी शामिल है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपील की कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिये कार्य करें। आपको सरकार द्वारा गांव के विकास के लिए अनेक उपहार दिये। इसलिये केन्द्र तथा राज्य सरकार की समस्त योजनाओं को अपनी ग्राम सभा के सभी लोगों को उसका लाभ दिलायें। क्योंकि सभी योजनाएं आप सभी के माध्यम से संचालित होती हैं। उन्होंने कहा कि आप अपनी ग्राम सभा के कुपोषित बच्चों की देखभाल करें, उन्हें कुपोषण मुक्त करने में सहयोग करें और प्रयास करें कि ग्राम सभा की समस्त गर्भवती महिलाओं का प्रसव अस्पताल में ही हो। इसके लिए शत्–प्रतिशत पंजीकरण भी कराये। राज्यपाल जी ने कहा कि आयुष्मान योजना के कार्ड अपनी ग्राम सभा के समस्त परिवारों की प्राथमिकता बनवाएं, ताकि बीमारी के समय उन्हें आर्थिक मदद मिल सके।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय ने बताया कि आज आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु जो पठन–पाठन एवं खेल–कूद सामग्री वितरित की गयी है वह लखनऊ विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के सहयोग से प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों को इस बात का एहसास है कि वो भी समाज का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि उसी

सामाजिक दायित्व को निभाते हुए सहयोग व सहकार की भावना से समाज उत्थान का कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि अब तक जिले के 360 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाया जा चुका है। जबकि 8112 बच्चों को कुपोषण मुक्त किया जा चुका है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आपके केन्द्र में शत्–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बन जाये तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में खाली पड़ी जमीन पर आर्गेनिक शाक–भाजी लगाने का प्रयत्न करें, जिससे बच्चों को हरी सब्जियां मिल सकेंगी। उन्होनें कहा कि आपके आंगनबड़ी केन्द्रों पर 100 प्रतिशत बच्चों का पंजीकरण होना चाहिए तथा ये सुनिश्चित करे कोई भी बच्चा कुपोषित न रह जायें।

कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, जिला प्रशासन के अधिकारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं बच्चे मौजूद थे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (110/37)
सम्पर्क सूत्र 9453005360

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
आंगनबाड़ी केन्द्रों को
माननीया कुलाधिपति एंव राज्यपाल (उ०प्र०)
द्वारा किट वितरण कार्यक्रम
26 दिसम्बर 2021
राजभवन लखनऊ